हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 15 जुलाई 2024, समय 1305 (5 मिनट))

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी-एनटीए ने घोषणा की है कि संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-**सीयूइटी-यूजी** के प्रभावित विद्यार्थियों के लिए पुन:परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा 19 जुलाई को कंप्यूटर आधारित होगी।प्रभावित विद्यार्थियों की संख्या एक हजार से अधिक है। विषय कोड का उल्लेख करते हुए उन्हें ईमेल भेज दिया गया है। जल्द ही एडमिट कार्ड जारी कर दिये जाएंगे। एनटीए ने कहा कि विशेषज्ञों से मिली प्रतिक्रिया के आधार पर उत्तर कुंजिका तैयार की जा रही है। इसे आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा।

....

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के आह्वान पर आज जिला जींद में जिलेभर के सरकारी अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सक आज सुबह 9 से 11 बजे तक हड़ताल पर रहें ।ओ पी डी में मरीज़ नहीं देखे गये हालांकि इस दौरान जनसेवा को देखते हुए आपात तथा पोस्टमार्टम सेवाओं को बहाल रखा गया।

....

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कल जिला के गांव जाजनवाला में आतंकियों से मुठभेड़ में वीरगति को प्राप्त हुए शहीद लांस नायक प्रदीप नैन के घर पहुंच कर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि प्रदीप नैन ने अपनी शहादत से प्रदेश व अपने गांव का नाम ऊंचा किया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि शहीद के परिवार को नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार हमेशा प्रदीप के परिवार के साथ खड़ी रहेगी । उन्होंने कहा की शहीद के परिवार को 1 करोड़ रुपये की सहायता मिलेगी।

....

भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कल अपना कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने रोहतक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मौजूदगी में पार्टी के प्रदेश कार्यालय में कार्यभार संभाला। इस अवसर पर आयोजित समारोह में मोहन लाल बड़ौली का अभिनंदन किया गया।गौरतलब है कि राई विधानसभा क्षेत्र से विधायक मोहनलाल बड़ौली को 9 जुलाई को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। मोहन लाल बड़ौली वर्ष 2021 में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री बनाए गए थे।इस दौरान अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में 2 महीने बचे हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशा निर्देश में प्रदेश में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। उन्होने उम्मीद जताई कि मोहन लाल बड़ौली की अगुवाई में संगठन और तेजी से आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार और संगठन मिलकर सारे रास्ते सरल कर देंगे।वहीं, मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार ने 10 वर्ष अच्छा काम किया है। आगे भी इससे

बेहतर काम करेंगे। श्री बड़ौली ने भी दावा किया कि कार्यकर्ताओं के दम पर तीसरी बार फिर हरियाणा में बी जे पी की सरकार बनेगी।

होडल विधानसभा के विधायक जगदीश नायर ने आज 8 करोड़ 52 लाख की लागत से बृज चौरासी कोस परिक्रमा मार्ग में बनने वाले दो पुलों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इनमें से एक पुल का निर्माण गोंछी ड्रेन पर गांव बनचारी से सौंध रास्ते और दूसरे का निर्माण गांव बनचारी से लोहिना रास्ते पर किया जाएगा। श्री नायर ने बताया कि प्रत्येक पुल के निर्माण पर 4 करोड़ 26 लाख रुपए और दोनों के निर्माण पर कुल 8 करोड़ 52 लाख की लागत आएगी । उन्होंने कहा कि ये दोनो ही पुल सिंचाई विभाग द्वारा आगामी तीन महीने में बनाकर जनता को समर्पित कर दिए जाएंगे।

भिवानी जिला प्रशासन द्वारा कल 75वां वन महोत्सव मनाया गया। जिला में 4 लाख पौधे रोपित करने का लक्ष्य तय किया गया है , जिसकी शुरुआत पूर्व मंत्री एवं विधायक घनश्याम सर्राफ ने भिवानी के मियावाकी पार्क में 35 प्रकार की विभिन्न प्रजातियों के 10 हजार पौधे रोपित कर की। भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ ने अपील की है कि हर परिवार कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए। इस मौके पर वन अधिकारी डा. राजेश वत्स ने कहा कि जिले में दो लाख पौधे खेतों में रोपित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत पंचायती जमीन सहित सरकारी शिक्षण संस्थानों में भी पौधे रोपित किए जाएंगे। डॉ. राजेश वत्स ने बताया कि वन महोत्सव के तहत विद्यालयों व किसानों को डेढ़ लाख पौधे नि:शुल्क वितरित किए जाएंगे। इसके साथ ही उन्हे पौधे रोपित करने व उनके संरक्षण के लिए भी प्रेरित किया जाएगा।

फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर टीम ने एक नशा तस्कर को 5 किलोग्राम 518 ग्राम गांजे सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी यूनुस खान उत्तर प्रदेश के एटा क्षेत्र का निवासी है, जो वर्तमान में दिल्ली के कालिंदी कुंज में रह रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर अपराध शाखा टीम ने आरोपी को इस्माइलपुर के पास से काबू किया ।